हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 31 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर "ऑपरेशन शील्ड" नामक दूसरा नागरिक सुरक्षा अभ्यास आज चंडीगढ़ में आयोजित किया जायेगा।
राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास के भाग के रूप में चंडीगढ़ के किशनगढ़ और आई.टी. पार्क क्षेत्रों में रात 8:00 बजे से 8:10 बजे तक ब्लैकआउट किया जाएगा। ब्लैकआउट के अलावा चंडीगढ़ के सेक्टर 47 में सामुदायिक केंद्र में मॉक ड्रिल के दौरान वहां फंसे 20 लोगों को निकला जायेगा। घायलों के इलाज के लिए 30 यूनिट रक्त और चिकित्सा टीमों की व्यवस्था का भी परीक्षण किया जाएगा।

------------------------------------------------------------

पलवल पुलिस ने भारत में अवैध तरीके से रह रहे 19 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पलवल सदर के उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र खटाणा ने बताया कि इन 19 बांग्लादेशी नागरिकों में 8 पुरुष, 7 महिला और चार बालक हैं। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस ने अब तक 149 अनाधिकृत रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है, जिनकी डिपोर्ट प्रक्रिया जारी है।

----------------------------------------------------

राष्ट ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए, भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन करता है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्माहन और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम भारत के पहले परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा को याद कर रहे हैं, जिन्होंने 1947-48 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था।

(जनवरी 1923 में हिमाचल प्रदेश में जन्मे मेजर सोमनाथ शर्मा फरवरी 1942 में सेवा की कुमाऊं रेजीमेंट में भर्ती हुए। मेजर शर्मा ने अक्टूबर 1947 में जब पाकिस्तान के कबालियों ने जम्मू कश्मीर पर हमला किया तो उन्होंने घाटी की रक्षा में अहम भूमिका निभाई। हाथ में प्लास्टर लगे होने के बावजूद मेजर सोमनाथ शर्मा चार कुमाऊं की डी कंपनी का नेतृत्व करने पर पड़े रहे, इस 31 अक्टूबर को हवाई मार्ग से श्रीनगर पहुंचा गया। 3 नवंबर को उनकी कंपनी को बडगाम के पास एक पोजीशन संभालने का काम सौंपा गया। उस दिन दोपहर में लगभग □ाई बजे उनकी टुकड़ी पर छोटे हथियारों कोटा और भारी ऑटोमैटिक हथियारों से सुसज्जित दुश्मन के लगभग सात पुरुष सैनिकों ने अचानक हमला कर दिया।

इस हमले से भारतीयों को काफी नुकसान हुआ दुश्मन के इस घातक हमले के बावजूद अपने इच्छा शक्ति का परिचय देते हुए मेजर शर्मा अपने जवानों को डटे रहने के लिए लगातार प्रेरित करते रहे। मेजर शर्मा जब दुश्मनों से लड़ रहे थे तभी उनके पास रखे गोला बारूद पर मोर्टार का एक गोल फट गया। इस हमले में युवा मेजर सोमनाथ शर्मा का कैरियर समाप्त हो गया। जिन्होंने अभी अपने जीवन के 25 साल भी पूरे नहीं किए थे। ब्रिगेड मुख्यालय को दिए अपने अंतिम संदेश में उन्होंने कहा कि मैं एक इंच भी पीछे नहीं हटूंगा और आखिरी आदमी और आखिरी राउंड तक लड़ूंगा। बडगाम की लड़ाई में मेजर शर्मा एक जेसीओ और उनकी कंपनी के 20 अन्य रैंकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया। मेजर सोमनाथ शर्मा को उनके शानदार नेतृत्व और बहादुरी के लिए मरणोप्रांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।)

---------------------------------------

आज केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के साथ चंडीगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 42 के पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज फॉर गर्ल्स में होने वाले इस सम्मान समारोह में 8 अंतर्राष्ट्रीय और 479 राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

प्रवक्ता ने बताया कि आज उन खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बेसबॉल, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, साइकिलिंग सहित 28 खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।
प्रशासन इन खिलाड़ियों को 5 करोड़ 67 लाख रुपए से अधिक की नकद पुरस्कार राशि और एक करोड़ 32 लाख रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति प्रदान करेगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा बिलियर्ड्स और स्नूकर हॉल और शतरंज केंद्र का भी उद्घाटन किया जाएगा। शतरंज केंद्र सेक्टर 39 एवं 8 के खेल परिसर में तथा बिलियर्ड्स एवं स्नूकर हॉल सेक्टर 42 के खेल परिसर में बनाए गए हैं।

---------------------------------------------------------

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य भूपेंद्र चौहान ने बताया की संयुक्त योग्यता परीक्षा सीईटी में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु आयोग द्वारा एक विशेष हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को सीईटी

पंजीकरण से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करनी हो तो वः मोबाइल नंबर 90634-93990 पर कॉल करके आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकता है।

-----------------------------------------------------------